हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026

04 होटल-रेस्टोरेंट पर गैस आपूर्ति बंद...



07 रफ्तार के सामने हारी जिंदगियां तीन हादसों में ...





## खबर संक्षेप

### आज से सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

**सीहोर।** जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज के मुखरविन्द द्वारा गुरुवार से 18 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जायसवाल परिवार की ओर से बताया कि कथा का शुभारंभ गुरुवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे गंगा आश्रम स्थित होटल सविराज से आरंभ होकर कथा स्थल शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर पहुंचेगी और उसके उपरांत प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी। समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन कथा श्रवण करने की अपील की है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर में

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 मार्च को दोपहर 12 बजे सीहोर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और दिशा की बैठक में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 04:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### गेहूं उपार्जन व्यवस्था की निगरानी व समीक्षा के लिए समिति गठित

**सीहोर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था की निगरानी एवं समीक्षा और बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रि-मंडल समिति गठित की गई है। समिति में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल सदस्य मनोनीत किये गये हैं।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### पीजी कॉलेज मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन का आयोजन

# अब बेटी बोझ नहीं, भाजपा सरकार विवाह से पहले और बाद के सभी खर्ज उठा रही: विधायक

### 123 बेटियों ने अग्नि के सात फेरे लेकर विवाह किया स्वीकार, 76 बेटियों ने कुरान की आयतो के साथ निकाह किया कुबूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को 123 बेटियां ने जहां वैदिक मंत्रों के साथ अग्नि के सात फेरे लेकर विवाह स्वीकार किया तो वहीं 76 बेटियों ने कुरान पाक की आयतो के साथ निकाह कुबूल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सामुहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचकर वर वधुओं को आशिर्वाद दिया। विवाह और निकाह सम्मेलन पंडित महादेव शर्मा एवं शहर काजी युसूब अंसारी के द्वारा धार्मिक रितीरिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह योजना के तहत वर वधुओं को 49 हजार रूपये के चैक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भोजन वितरण के उपरांत वर वधुओं को विदाई दी गई।

कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा निर्धन परिवारों की कन्याओं के लिए सामुहिक विवाह सम्मेलनों का शुभारंभ किया गया था इस योजना से लाखों कन्याओं के हाथ पीले हो चुके है योजना का लाभ सभी वर्ग की बेटियों को मिल रहा है अब किसी को भी बेटी के विवाह के लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं है वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने पुत्र का विवाह भी मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन में कर समाज को सर्वोत्सम संदेश दिया था। विवाह के बाद भी नवविवाहित वर वधुओं को भाजपा सरकार की अनेक







योजनाओं का लाभ मिलेगा। नगर पालिका परिषद और सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन का आयोजन पीजी कालेज मैदान पर किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत के द्वारा सम्मेलन स्थल पर हिंदू मुस्लिम वर वधूओ के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई। मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का मंच पर स्वागत किया गया।

विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वर वधुओं को श्रीमदभागवत गीता पुस्तक देकर विवाह की बधाई शुभकामनाऐं दी। तत्पश्चता मुस्लिम पंडाल में पहुंचकर निकाह की मुबारकबाद भी दी गई। मंच पर भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता और कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत,नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार,सामाजिक न्याय विभाग जिला अधिकारी महेश यादव एवं पार्षदों के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन अंतर्गत शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि के चैक वर वधुओं को प्रदान किए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं से समाज के गरीब तबके को होने वाले लाभों की जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। सकुशल रूप से वधुओं की विदाई दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर वधुओं के परिजन और नगर पालिका परिषद और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## गेहूं जलकर नष्ट: इस सप्ताह में पहले भी हो चुकी आगजनी, गर्मी बढ़ने पर हो रहीं घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में गर्मी का पारा चढने के साथ ही खेतों में खड़ी फसलों पर आफत मंडराने लगी है। ताजा मामला झागरिया रोड का है, जहां आज एक खेत में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे खेत में फैल गई, जिससे कटाई के लिए तैयार गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।खेत से धुआं और आग की लपटें उठती देख बड़ी संख्या में राहगीर और आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने अपने स्तर पर संसाधनों का उपयोग कर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। राहगीरों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के अन्य



खेतों को चपेट में आने से बचा लिया गया।इस सप्ताह की कई घटनाएं, किसान चिंतितआग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन जिले में इस सप्ताह आगजनी की यह कोई पहली घटना नहीं है।

इससे पहले निपानिया खुर्द, मोहाली, बड़बेली, नोनी खेड़ी, ढबोटी, चार मंडली और इछावर के पास भी खेतों में आग लगने की खबरें सामने आ चुकी हैं।प्रशासन की अपीललगातार हो रही इन घटनाओं से किसानों में भारी चिंता देखी जा रही है। कृषि विभाग और स्थानीय प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे बीड़ी-सिगरेट या बिजली के ढीले तारों जैसी छोटी लापरवाहियों के प्रति सतर्क रहें, क्योंकि हल्की सी चिंगारी पूरी मेहनत की फसल को बर्बाद कर सकती है।

## मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक पर गिरी गाज: हुआ निलंबन, खाद की किल्लत के बीच कालाबाजारी करने का लगा था आरोप

**भैरूंदा।** खाद की किल्लत के बीच कालाबाजारी की शिकायत सही पाए जाने पर मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक को जिले के सहकारिता विभाग के द्वारा निलंबित कर दिया गया। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार से संबंधित कोई भी मामला सामने नहीं आया। लेकिन जरूरतमंद किसानों को खाद की उपलब्धता न करते हुए अपनों को क्षमता से अधिक खाद दिए जाने के मामले में मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधन पर कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के ग्राम छिदगांव मौजी निवासी किसान गोपाल शर्मा ने सहकारिता विभाग सीहोर को शिकायत भेजी थी कि वह गेहूं की फसल के लिए यूरिया लेने पहुंचे थे। जहाँ उन्हें पहले टाल दिया गया और अगले दिन 350 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया दिया गया। किसान का आरोप था कि पूरे सीजन में किसानों को ब्लैक में खाद बेची जा रही है। उन्होंने मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक मनोहर पवार के व्यवहार को अमानवीय बताते हुए कहा कि वह किसानों से सीधे मुंह बात करने के बजाय हर वक्त गुस्से में रहते हैं। वहीं एक अन्य मामले में ग्राम चादांगहण के किसान तुलसीराम बाकरिया ने भी आरोप लगाया था कि जब वह 16 दिसंबर को खाद मांगने गए तो प्रबंधक पवार ने उन्हें खाद देने से साफ मना कर दिया। किसान का आरोप था कि जब उन्होंने अपनों को खाद बांटने पर सवाल उठाया तो प्रबंधक ने उन्हें जातिगत गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में बीच बचाव करने आए संतोष गौर के साथ भी अभद्रता की गई थी। दोनों ही मामलों में पीड़ित किसानों ने प्रशासन और सहकारिता विभाग के आला अधिकारियों से न्याय की मांग की थी। किसानों का कहना था कि प्रबंधक का व्यवहार व्यावहारिक नहीं है और उनके द्वारा कानून की सीमाओं का भी उल्लंघन किया जा रहा हैं। इस मामले में किसानों ने सहकारिता अधिकारियों से मांग की थी कि खाद के स्टॉक और कालाबाजारी की निष्पक्ष जांच हो, वर्तमान प्रबंधक को तत्काल हटाकर किसी जिम्मेदार व्यक्ति को नियुक्त किया जाए।

### खाद वितरण में अनियमित्ता की शिकायत पर कार्रवाई

लगातार मिल रही थी। मार्केटिंग सोसायटी परिसर में तो हालत यह थे कि किसानों को खाद लेने के लिए तेज ठंड में सुबह 5 बजे से लाइन लगने के लिए मजबूर होना पड़ता था। जो किस लाइन लगने से रह जाते थे उन्हें खाद नहीं मिल पाता था। ऐसे में किसान लगातार परेशान थे। लेकिन अन्य किसानों को आसानी के साथ खाद की उपलब्धता मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक मनोहर पवार के द्वारा की जा रही थी। लगातार शिकायत करने के बावजूद भी जब सहकारिता विभाग के द्वारा इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया तो किसानों ने मध्य प्रदेश शासन के द्वारा शुरू की गई हेल्पलाइन 181 पर इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद जिले के सहकारिता विभाग ने इस मामले में जांच की और कार्यवाही का आश्वासन दिया। किसानों की शिकायत के बाद सहकारिता विभाग का एक दल भी जांच करने के लिए मार्केटिंग सोसायटी पहुंचा था। इस दौरान मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। लेकिन प्रबंधक के द्वारा कोई भी संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया गया। जिसके चलते मंगलवार को प्रबंधक को पद से हटाकर निलंबित कर दिया गया।

इस संबंध में उपायुक्त सहकारिता विभाग सीहोर सुधीर कैथवास ने बताया कि किसानों के द्वारा की गई शिकायत के बाद खाद वितरण में अनियमितता की जांच सामने आने के बाद भैरुंदा मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक मनोहर पवार पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पद से हटाकर निलंबित कर दिया गया है।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को, लंबित प्रकरणों के होंगे समझौते

**सीहोर।** आगामी 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने हेतु अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप का समाज जनों ने किया स्वागत सम्मान



**सीहोर।** अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद शिमला हिमाचल प्रदेश वीरेंद्र कश्यप एवं उनके साथ शहर पधारे अखिल भारतीय कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमर दीप कंसोरिया ,के सीहोर आगमन समाज जनों ने पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश कोली के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तीनों का भव्य स्वागत कर चिंतामन गणेश की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया इस अवसर पर अखिल भारतीय कोली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार कंसोटिया ,सरपंच जगन्नाथ कोली ,घनश्यामदास नरवरिया , तहसील अध्यक्ष तेजसिंह चौहान ,युवा समाजसेवी पीयूष धीमान , आकाश शाक्य,व अन्य समाज जन उपस्थित थे इस अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप,प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया,कार्यकारी प्रदेश अमरदीप कंसोरिया ने गणेश मंदिर पर पूजा अर्चना कर रेस्ट हाउस में बैठक कर समाज की समस्याओं को सुना और समाज में एकता बनाए रखने की अपील की उन्हेने कहा कि समाज की सबसे बड़ी ताकत समाज का संगठन है। इस अवसर पर अनेकों समाज जन उपस्थित थे इस मौके एक मांग भी समाज जनों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष,प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से की ओर कहा कि सीहोर में भी नगर पालिका में पारित प्रस्ताव के अनुसार बढ़िया खेड़ी चौराहा जो कोलीपुरा के नाम से जाना जाता हे उस पर वे 1857 की अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा समाज की पूर्व से चली आ रही मांग पर लगाई जावे ।

### भोपाल में आयोजित हुई बैठक, जिपं. अध्यक्ष रचना मेवाड़ा के पति सुरेन्द्र मेवाड़ा भी बैठक में हुए शामिल

# भाजपा कोर कमेटी की पहली ही बैठक में नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय ने अभी कुछ ही दिन पहले जिला कोर कमेटी के गठन को लेकर सख्त और स्पष्ट गाइडलाइन जारी की थी, लेकिन सीहोर भाजपा ने पहली ही बैठक में इन नियमों की अनदेखी कर दी है। राजधानी भोपाल में मंगलवार को आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के प्रोटोकॉल को दरकिनार कर दिया है।

बता दें प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिला कोर ग्रुप में केवल विशिष्ट पदों पर आसीन व्यक्ति मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष और तय पदाधिकारी ही शामिल होंगे। यहां तक कि जिले के महामंत्री तक इस कमेटी में नहीं रहेंगे, लेकिन नियमों की अनदेखी करते हुए इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा के पति सुरेंद्र मेवाड़ा भी शामिल हुए। पार्टी के भीतर अब यह सवाल उठ रहा है कि जब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए ही इस कमेटी में स्थान तय है तो उनके परिजनों या प्रतिनिधियों को इस गोपनीय और



रणनीतिक बैठक में किस हैसियत से प्रवेश दिया गया।

### महामंत्रियों की छुट्टी, पर बाहरी को छूट!

प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा जारी नई व्यवस्था के अनुसार वर्तमान कार्यकारिणी के तीनों महामंत्रियों पंकज गुप्ता, जितेंद्र गौड़ और तारा कटारिया को कोर कमेटी से बाहर रखा गया है। जहां संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के लिए दरवाजे बंद कर दिए गए, वहीं नियम विरुद्ध तरीके से अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष और चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

### इस कमेटी के यह दिग्गज शामिल

सीहोर जिले की भाजपा राजनीति की दिशा तय करने वाली इस कमेटी में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, रमाकांत भार्गव, करण सिंह वर्मा और गोपाल सिंह इंजीनियर के अलावा सांसद शिवराज सिंह चौहान, आलोक शर्मा और महेंद्र सिंह सोलंकी को शामिल हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम यादव और रवि मालवीय भी इस टीम का हिस्सा हैं।

### अनुशासन पर उठ रहे सवाल

भाजपा खुद को कैडर बेस्ड और अनुशासित पार्टी कहती है, लेकिन पहली ही बैठक में जिस तरह से कोर कमेटी की गोपनीयता और गाइडलाइन के साथ समझौता किया गया, उसने जिला नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रदेश नेतृत्व इस मामले में क्या संज्ञान लेता है।

### वह इस टीम का हिस्सा नहीं

जिला भाजपा प्रभारी विकास वीरानी ने बताया कि कोर कमेटी में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा शामिल हैं, उनके पति सुरेन्द्र मेवाड़ा इस कमेटी का हिस्सा नहीं हैं। रही बात इस बैठक की तो वे यूं ही बैठ गए थे।

## जिले की 182 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन



**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 11 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 182 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## भोपाल क्रिकेट अकादमी ने यंग स्टार को 305 रन के अंतर से हराया

**सीहोर**। शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मुकाबले खेले गए। जिसमें पहला मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। जिसमें मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने इंदौर क्लब को एक रन से हराया। वहीं दूसरा मैच एक तरफा जिसमें भोपाल क्रिकेट अकादमी ने यंग स्टार भोपाल को हराया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने किया था। इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अतुल त्रिवेदी ने बताया कि पहले मैच में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 141 रन बनाए थे। इसमें देवांश ने 40 रन, रजनेश बंसल ने 21 रन और अरबाज उद्दीन ने 49 रन की शानदार पारी खेली। इधर इंदौर क्लब की ओर से आकाश पवार ने तीन विकेट, गौतम भाटी ने दो, कार्तिक-अगमय ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर क्लब की टीम सात विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। इसमें सुरज ने 24 रन, आयुष ने 27 रन, तनमय ने 22 रन, अरकाश ने 30 रन और कृष्णा ने 26 रन बनाए थे।

भोपाल क्रिकेट अकादमी की एक तरफा जीत इसके अलावा एक अन्य मुकाबला भोपाल क्रिकेट अकादमी और यंग स्टार के मध्य खेला गया था।

### एसडीएम ने गोदामों का किया निरीक्षण, एजेंसियों को सख्त निर्देश - आम जनता को प्राथमिकता, घरेलू गैस की नहीं कमी

# होटल-रेस्टोरेंट पर गैस आपूर्ति बंद, अस्पताल और स्कूल को ही मिलेंगे कमर्शियल गैस सिलेंडर

बुधवार को एसडीएम सुधीर कुशवाह और एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने भैरूंदा शहर में स्थित भारत गैस और इंडियन गैस एजेंसियों के गोदामों का निरीक्षण किया।






हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और भोजनालयों को फिलहाल नीले रंग के कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अब ये सिलेंडर केवल अस्पताल, स्कूल और कॉलेज जैसी आवश्यक सेवाओं को ही उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशासन का कहना है कि यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है ताकि आम नागरिकों और जरूरी संस्थानों को गैस की कमी का सामना न करना पड़े।

बुधवार को एसडीएम सुधीर कुशवाह और एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने भैरूंदा शहर में स्थित भारत गैस और इंडियन गैस एजेंसियों के गोदामों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर स्टॉक की स्थिति का जायजा लिया और एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस वितरण में प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं और आवश्यक संस्थानों को दी जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रिकॉर्ड भी जांचे और एजेंसियों को नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की उपलब्धता में फिलहाल किसी प्रकार की कमी नहीं है। हालांकि कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता प्रभावित होने के कारण अस्थायी रूप से होटल और भोजनालयों को गैस आपूर्ति रोकने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने एजेंसियों को साफ निर्देश दिए कि नियमों का उल्लंघन कर किसी भी होटल, रेस्टोरेंट या ढाबे को सिलेंडर उपलब्ध न कराया जाए। यदि किसी एजेंसी द्वारा निर्देशों की अनदेखी की गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी बदले बुकिंग नियम :** गैस वितरण व्यवस्था को संतुलित रखने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी बुकिंग नियमों में बदलाव किया गया है। पहले उपभोक्ता 21 दिन बाद दूसरा सिलेंडर बुक कर सकते थे, लेकिन अब यह अवधि बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि इस व्यवस्था से गैस का स्टॉक संतुलित रहेगा और जरूरतमंद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर मिल सकेगा।

गैस कंपनियों ने भी भरोसा दिलाया है कि घरेलू रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के लिए लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय हालात का असर

जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिगड़ते हालात और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण गैस के आयात पर असर पड़ा है। इसका सीधा प्रभाव कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर पड़ा है। प्रशासन ने संभावित संकट को देखते हुए एहतियातन यह व्यवस्था लागू की है ताकि जरूरी सेवाओं को गैस की कमी का सामना न करना पड़े।

### होटल संचालकों की बढ़ी चिंता

कमर्शियल गैस आपूर्ति बंद होने से नगर के होटल और भोजनालय संचालकों की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि गैस के बिना भोजन बनाना मुश्किल हो जाएगा और यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो कई प्रतिष्ठानों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ सकता है। नगर के प्रसिद्ध आरती भोजनालय के संचालक रिंकू मालवीय ने बताया कि उनके यहां प्रतिदिन अधिकारी-कर्मचारियों से लेकर किसान और आम नागरिक भोजन करने आते हैं। भोजनालय में करीब 16 कर्मचारी कार्यरत हैं और गैस आपूर्ति बंद होने से उनके रोजगार पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल ग्राहकों की सेवा जारी रखने के लिए पारंपरिक तरीके अपनाते हुए भट्ठे पर दाल-बाटी बनाने की तैयारी की जा रही है।




### एजेंसियों पर लगी कतारें

गैस आपूर्ति को लेकर खबर फैलते ही कई उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने पहुंच गए, जिससे कुछ स्थानों पर लंबी कतारें भी देखने को मिलीं। हालांकि प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। गोदामों में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

### चाय-नाश्ता केंद्रों पर भी असर

भैरूंदा में सैकड़ों छोटे-बड़े होटल, नाश्ता केंद्र और चाय की दुकानें संचालित होती हैं। गैस आपूर्ति बंद होने से इन दुकानों पर चाय-नाश्ता और भोजन व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। वहीं जन्मदिन, सालगिरह, किटी पार्टी जैसे छोटे आयोजनों पर भी इसका असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

**व्यवस्था अस्थायी है...**

यह व्यवस्था अस्थायी है। हालात सामान्य होते ही कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी फिर से शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों और आवश्यक सेवाओं को गैस की कोई कमी न हो।

**सुधीर कुशवाह**, एसडीएम

## 3.24 करोड़ की लागत से लाल बहादुर शास्त्री परिसर तैयार युवाओं को मिलेगी मामा कोचिंग के साथ लाइब्रेरी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरंदा

प्रज्जवल बुधनीय योजना के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड के समीप अपनी बेशकीमती भूमि पर निर्मित लाल बहादुर शास्त्री परिसर.अब पूरी तरह आकार ले चुका है। लगभग 3 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से तैयार यह कॉम्प्लेक्स शहर की व्यापारिक सूरत बदलेगा और यहाँ की नई पीढ़ी के भविष्य को संवारने का एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। नगर परिषद ने निर्माण कार्य के अंतिम चरण में पहुँचते ही अब यहाँ निर्मित दुकानों की नीलामी की तैयारी तेज कर दी है। आगामी एक सप्ताह के अंदर परिषद के द्वारा नीलामी को लेकर अपनी सभी शर्तें नगर वासियों के सामने रखी जाएगी। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परिसर का निर्माण क्षेत्र के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व विधायक रमाकांत भार्गव की दूरगामी सोच का परिणाम है। उन्होंने नगर के योजनाबद्ध विकास के लिए 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध कराई थी। अध्यक्ष के अनुसार कॉम्प्लेक्स का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में रंग-रोगन और अंतिम साज-सज्जा का 5 प्रतिशत काम शेष है। जिसे अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसके तुरंत बाद नगर परिषद द्वारा विधिवत रूप से नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**कुल 38 दुकानों का परिसर-पार्किंग के लिए पर्याप्त सुविधा :** इस परिसर में 38 दुकानों का निर्माण किया गया है। जिन्हें दो तलों में विभाजित किया गया है। बेसमेंट में 19 दुकानें बनाई गई हैं जो ठंडी और सुरक्षित व्यापारिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त हैं।

**दुकान आवंटन के लिए**

नगर परिषद ने दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता और सामाजिक न्याय का ध्यान रखा है। राज्य शासन की आरक्षण नीति के अनुसार सभी 38 दुकानों का श्रेणीवार विभाजन कर लिया गया है। जिसके तहत कुल 27 दुकानें अनारक्षित रखी गई हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 4 दुकानें,अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भी 4, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2 दुकानें सुरक्षित की गई हैं। इसके अलावा, विकलांग एवं दृष्टिहीन श्रेणी के व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 1 दुकान आरक्षित की गई है।

प्रथम तल पर भी 19 दुकानों का निर्माण किया गया है। जहाँ से पूरे परिसर का शानदार दृश्य दिखाई देता है। परिसर की विशेषता यह हैं कि यहाँ पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था है। अक्सर बाजारों में ग्राहकों को वाहन खड़े करने के लिए जूझना पड़ता है। जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बनती है। लेकिन लाल बहादुर शास्त्री परिसर में पर्याप्त पार्किंग होने से ग्राहक अपनी गाड़ियों को सुरक्षित खड़ा कर सकेंगे और बिना किसी तनाव के खरीदारी का आनंद ले सकेंगे।

**व्यापारिक गतिविधियों के साथ ही परिसर में होगी शिक्षण की सुविधा :** व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ यह परिसर शिक्षा का मंदिर भी कहलाएगा। पिछले दिनों कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा मामा कोचिंग क्लासेस का विधिवत शुभारंभ किया था। इस अनूठी पहल का सबसे बड़ा लाभ उन गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिलेगा जो भारी-भरकम फीस के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते थे। परिसर के ऊपरी तल पर दो विशाल और सुसज्जित हॉल बनाये गये है। जहाँ निशुल्क कोचिंग का संचालन होगा।

यहाँ न केवल अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगाह बल्कि एक आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण भी किया जा रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को पढ़ाई करने और संदर्भ पुस्तकें खोजने के लिए शहर से बाहर या कहीं और भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। एक ही छत के नीचे कोचिंग और लाइब्रेरी की सुविधा मिलना भैरुंदा के शैक्षणिक इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा।

### नगर की आवश्यकता होगी पूरी, मिलेंगे नए अवसर

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि भैरुंदा नगर में लंबे समय से एक ऐसे सर्व-सुविधायुक्त कॉम्प्लेक्स की कमी महसूस की जा रही थी। जहाँ व्यापार, सुव्यवस्थित पार्किंग और सार्वजनिक सुविधाएं एक साथ उपलब्ध हों। लाल बहादुर शास्त्री परिसर के शुरू होने से यह कमी अब दूर हो जाएगी। यह कॉम्प्लेक्स न केवल नगर परिषद की आय का साधन बनेगा बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार और शिक्षा के नए अवसर भी प्रदान करेगा।

## झंडा दिवस निधि में दान करने की कलेक्टर ने शासकीय सेवकों और नागरिकों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग हुए सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस पुनीत कार्य के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं नागरिकों से झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक दान करने की अपील की है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है। कर्तव्य-पालन में हमारे अनेक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उनके बलिदान एवं योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। झंडा दिवस पर सशस्त्र सेनाओं के आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान के जरिए उनके प्रति कृतज्ञता और एकजुटता प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि इस राशि का उपयोग शहीद सैनिकों की विधवाओं, दिव्यांग हुए सैनिकों एवं अन्य भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिये किया जाता है। पूरा देश झण्डा दिवस पर अपना अनुदान देकर सेना के प्रति अपनी एकता की भावना को व्यक्त करता है, जिससे सैनिक भी आश्वस्त होते हैं कि संपूर्ण देश उनके परिवार की सहायता के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिवस पर हमारे देश के सैनिकों और देशवासियों के मध्य जो एक अपनेपन और विश्वास का रिश्ता है वो सुदृढ़ और आत्मीय होता है।

## गणगौर उत्सव का आगाज पहले दिन हुई गणगौर की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में शीतला सप्तमी में ज्वारे बोए जाते हैं परंपरा अनुसार बोए जवारो का समापन तीज पर यानी गणगौर पर होता है। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा गणगौर का उत्सव धूम धाम से मनाया जाता है। ढोल बाजे के साथ महिलाएँ रोज़ गणगौर निकलती हैं। गणगौर माता कि विधि-विधान से से पूजा कर उनको ज्वारे अर्पित करती हैं। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा पारम्परिक गीत गाए जाते हैं और सर्व समाज की की महिलाएँ सुख संमृद्धि की कामना करती हैं। महिलाओं द्वारा गणगौर रोज़ बगीचों में ले जाई जाती जाती है। जिसमें सर्व समाज माहेश्वरी सोनी ब्राह्मण अग्रवाल सभी समाज की महिलाएँ जाती है आज गणगौर मालती अग्रवाल द्वारा गुप्तेश्वर मंदिर पर बुलायी गई द्वितीय दिवस मानक बाग जाएगी। सचिव मोहिनी अग्रवाल ने बताया कि 10 दिवसीय गणगौर उत्सव धूमधाम से मनायी जाएगा। जिसमे अध्यक्ष रुकमणी रोहिला और प्रेमलता रूठिया संध्या मोदी, ज्योति मोदी, हेमा अग्रवाल, तारा अग्रवाल, मीना अग्रवाल मंजू भारतीय उषा अग्रवाल सभी ने महिलाओं से आने की कामना की है।

## रंगारंग फाग गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**बुधनी**। करीबी ग्राम जोशीपुर में हर वर्ष की तरह इस बार भी रंगारंग फाग गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें पारंपरिक राई नृत्य प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा रात भर चली प्रतियोगिता के बाद बुधवार सुबह पुरस्कार वितरण किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, सरपंच शिशुपाल सिंह ठाकुर,नर्मदापुरम नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में राजेंद्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे मुख्य अतिथियों ने सबसे पहले कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया रात भर चले कार्यक्रम के बाद बुधवार को भाग लेने वाली टीमों में विजय रही टीमों को पुरस्कार वितरण किए गए।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला मंत्री राजेश पाल,लेख राम यादव, मांगीलाल यादव,भानु प्रताप यादव,भागीरथ यादव,श्री राम यादव, सुदामा यादव,महेश यादव,जगन्नाथ प्रसाद यादव,मुन्ना यादव आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस मौके पर आयोजन समिति करने वाले श्याम कराने वाले श्याम ने उपस्थितों का आभार जताया।

### 5 प्रतिभागियों को राज्य स्तर के लिए चयनित किया

# श्री सत्य साईं प्रोद्योगिकी विवि में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं प्रोद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में पूरे उत्साह के साथ विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र के लिए एक सबक था। इस आयोजन मे जिले के अन्य कॉलेज ओर विश्वविद्यालय के विधार्थियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्यअथिति के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी नें कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए यह मंच अत्यंत महत्वपूर्ण साथ ही विशिष्ट अथिति विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा नें विधार्थियो को लोकतंत्र कि शक्ति बताया एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर ने कहा कि यह कार्यक्रम लोकतंत्र को ओर अधिक मजबूत बनाने मे अपनी भूमिका निभाएंगे।



कार्यक्रम में जज कि भूमिका मे कैप्टेन संजय कुलकर्णी, डॉ. अमृता सोनी, शैलेश तिवारी, मनोज कुमार जैन, डॉ. प्रदीप सिंह चौहान रहे, जिन्होंने 5 प्रतिभागिओ को राज्य स्तर के लिए चयनित किया। जिसमे नंदिनी पाण्डेय, मेहरोज हुसैन, तरुणा मेवाड़ा, सेविता शर्मा, एवं निहारिका चौहान चयनित हुए।

कार्यक्रम का संचालन रूचि चौहान एवं डॉ. आदित्य गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. गार्गी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे निक्की राठौर डिप्टी डायरेक्ट युवा अधिकारी भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. धीरज सिंदे, डॉ. ऋषिकेश यादव, डॉ सुसेन थॉमस, प्रदीप माहेश्वरी, अंकित जोशी, रोहन यादव, नरेंद्र राजोरा, रोहित उवने, हिमांशु जायसवाल, योगेंद्र त्यागी, दीपक, लोकेश वर्मा नें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं विश्वविद्यालय के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# रफ्तार के सामने हारी जिंदगियां तीन हादसों में 4 की मौत, 6 घायल

**ब्यावरा, कुरावर और खुजनेर के संबंधित परिवारों के घर पसरा मातम, बोलेरो और बस की तेज गति से हुए हादसे**

**ब्यावरा निवासी कपड़ा व्यापारी, बाइक सवार देवर-भाभी एवं दामाद की जान बचाने में ससुर की हुई मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



ब्यावरा-राजगढ़ रोड पर मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार देवर-भाभी की मौत हो गई। दोनों अपने मकान को अतिक्रमण कार्रवाई से बचाने के लिए जनसुनवाई में कलेक्टर से गुहार लगाने राजगढ़ जा रहे थे। रास्ते में बामलाबे जोड़ के पास तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही देहात पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश पिता बापूलाल वर्मा (60) और उनकी भाभी भगवती बाई पत्नी नन्नूलाल वर्मा (62) निवासी झाड़ला, थाना कुरावर मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बाइक क्रमांक एमपी-39 एमएन-2251 से राजगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ के पास सामने से आ रही रायल ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी-04 पीए-4140 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और मौके पर कैलाश ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने डायल-112 की मदद से दोनों को ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। देहात थाने के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ के अनुसार बामलाबे जोड़ के पास बस और बाइक की टक्कर में देवर-भाभी की मौत हुई है, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अतिक्रमण से मकान बचाने जा रहे थे राजगढ़

मृतकों के परिजनों ने बताया कि 27 फरवरी को टप्पा कुरावर के नायब तहसीलदार द्वारा झाड़ला गांव में शासकीय भूमि पर बने मकानों को लेकर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था। अहिरवार समाज के कई परिवार पिछले करीब 30 वर्षों से उसी जगह मकान बनाकर रह रहे हैं। नोटिस मिलने के बाद लोगों में घर टूटने का डर बना हुआ था। इसी मामले को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर से राहत की मांग करने के लिए गांव से चार लोग दो बाइकों पर राजगढ़ जा रहे थे।



लेकिन रास्ते में बामलाबे जोड़ के पास हादसा हो गया और देवर-भाभी की जान चली गई।

### साली की शादी में शामिल होने जा रहे थे गंजबासोदा

**ब्यावरा।** मंगलवार को अशोकनगर नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर बरखेड़ा गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में ब्यावरा शहर के कपड़ा व्यापारी युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलने के बाद शहर में शोक छा गया। जानकारी के अनुसार शहर के पीपल चौराहे के समीप श्याम गारमेंट के संचालक वैभव जैन अपनी साली की शादी में पत्नी के साथ शामिल होने के लिए कोलारस गए हुए थे। वैभव की साली की शादी का कार्यक्रम विदिशा जिले के गंजबासोदा में रखा गया था, उसी को लेकर मंगलवार को कोलारस से जैन परिवार चार गाड़ियों में सवार होकर विदिशा जिले के गंजबासोदा जा रहे थे। अर्टिका गाड़ी में वैभव जैन पिता बाबूलाल (36) उनकी पत्नी पूजा जैन (34), दुल्हन साक्षी जैन(26), दुल्हन की मां शीला बाई(55), प्रेम बाई(80 ), खुशबू जैन(30), डेढ़ साल की एक बच्ची और 28 वर्षीय कार चालक सौरभ खटीक सवार थे। इसी बीच अशोकनगर के नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर बरखेड़ा गांव के पास उनकी कार को सामने से आ रही तेज रफ्तार से आ रही बुलेरो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि दोनो कारों के परखच्चें उड़ गए। हादसे में वैभव जैन की मौत हो गयी, जबकि कार में सवार 6 अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल अशोकनगर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने दुल्हन साक्षी सहित दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में ही जारी होना बताया गया है।

### शराबी चालक ने मारी रॉड, मौत

खुजनेर के सिरंगी गांव के रहने वाले भगवान सिंह अपने दामाद को इलाज कराने के लिए झालाबाड़ जा रहे थे। जैसा की बताया जा रहा है कि मनोहर को सांस की बीमारी थी तो सिटी पोर्शन रोड पर जाम में फंस जाने के कारण और दामाद को समय पर अस्पताल पहुंचाने के कारण जाम में खड़ी पिकअप को हटाने के लिए कहा तभी नशे में धुत पिकअप चालक ने भगवान सिंह के सर पर लोहे की रॉड मार दी जिसके चलते उनकी मौत हो गई।

---

जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार

# 45 साल से रह रही आदिवासी महिला को मकान खाली करने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

जहां शासन-प्रशासन एक ओर शासकीय भूमि पर निवास कर रहे गरीब परिवारों को पट्टा देकर उनके पुनर्वास और उन्मूलन का कार्य कर रहा है। वहीं एक गरीब आदिवासी परिवार को वर्षों से निवासरत मकान से बेदखल करने की कार्रवाई समझ से परे है। मामला नगर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर नगर निवासी एक गरीब आदिवासी महिला शांति बाई का है जिन्होंने शासकीय पीडब्ल्यूडी मकान खाली कराने के नोटिस से परेशान होकर जनसुनवाई में कलेक्टर से राहत की गुहार लगाई है।

### 45 सालों से रह रहीं है शासकीय मकान में

शांति बाई पति धूलसिंह भिलाला ने आवेदन में बताया कि वह पिछले करीब 45 वर्षों से कुरावर स्थित पीडब्ल्यूडी के शासकीय मकान में निवास कर रही है। उनके अनुसार पति पहले शासकीय विभाग में सेवक के रूप में कार्यरत थे और इसी मकान में रह रहे हैं। वर्तमान में दोनों वृद्ध हो चुके हैं और अक्सर बीमार रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वह मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह भरण-पोषण कर रही हैं। उनके पास रहने के लिए कोई निजी मकान या जमीन भी उपलब्ध नहीं है। शांति बाई ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों से एक शिकायतकर्ता द्वारा बेवजह शिकायत पत्र के माध्यम से शिकायत कर परेशान किया जा रहा है, साथ ही उसके कहने पर नगर परिषद एवं राजस्व विभाग में पदस्थ कुछ अधिकारी उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं और मकान खाली कराने का दबाव बना रहे हैं। हाल ही में नगर परिषद द्वारा मकान को जर्जर बताते हुए उसे खाली करने का नोटिस भी दिया गया है जिससे पीड़िता परेशान है। जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में शांति बाई ने कलेक्टर से उनकी गरीबी, बीमारी, वृद्धावस्था और आदिवासी महिला होने की स्थिति को देखते हुए मानवीय आधार पर राहत प्रदान करने, मकान खाली करने के आदेश को निरस्त करने तथा यथावत रहने देने की मांग की है।

### इनका कहना है...

लोक निर्माण विभाग नरसिंहगढ़ के मुख्य अधिकारी से जब इस संबंध में बात कि गई तो उन्होंने बताया की अभी हमें पूरी जानकारी नहीं है वो मकान है या क्वार्टर है। अगर महिला वृद्धावस्था में है बेसहारा तो जबतक रहना चाहे रह सकती है।

एके श्रीवास्तव, एसडीओ नरसिंहगढ़

---

## रिनिया गांव में कई बीघा कलौंजी की फसल सूखी किसानों ने मांगा मुआवजा

**विदिशा।** नटेरन तहसील के ग्राम रिनिया में किसानों की कलौंजी की फसल अचानक सूख जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फसल खराब होने से किसानों में चिंता का माहौल है और उन्होंने प्रशासन से जल्द मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम रिनिया के किसान सुंदर कुशवाह, रघुवीर सिंह, नारायण सिंह, रामबाबू कुशवाह ने लगभग 3-3 बीघा में कलौंजी की फसल लगाई थी। किसानों का कहना है एक बीघा में तीन क्विंटल तक उत्पादन होने की उम्मीद थी और इस बार भाव भी 20 से 25 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिलने की उम्मीद है। फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अचानक पौधे सूखने लगे।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों का ज्ञापन 13 को

**राजगढ़।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विगत दिनों जारी एक आदेश से जिले के शिक्षकों में खासा आक्रोश व्याप्त है। शासकीय शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक संदर्भ की आड़ में शिक्षकों को परेशान करने टीईटी परीक्षा का फरमान लोक शिक्षण ने जारी किया है। विधि सम्मत प्रक्रिया का ध्यान रखे बगैर उक्त आदेश जारी किया गया है। राणावत ने बताया कि उक्त आदेश के अनुसार 27 सालों की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को भी यदि आगे नौकरी करना है तो उन्हें टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण करना होगा। लोक शिक्षण के इस आदेश के विरोध में राजगढ़ सहित समूचे मप्र के सभी जिलों में 13 मार्च को संगठन के बैनर तले मुख्यमंत्री सहित सर्वसंबंधितों के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघटन पदाधिकारियों ने आधिकाधिक शिक्षकों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का आगृह किया है।

---

# सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक रीति रिवाजों को चुनौती देकर महत्वपूर्ण कार्य किया : पुष्पद

**माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



महात्मा फुले समता परिषद एवं फूल माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महात्मा फुले चौराहे पर माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने फूल माली महापंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर अपनी शिक्षा पूरी की तथा पुणे में लड़कियों के लिए विद्यालय खोलकर भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण कार्य किया उनकी इस अभूतपूर्व पहल ने उस समय के दीर्घकालिक सामाजिक रीति रिवाजों को चुनौती दी जो लड़कियों और निचली जातियों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करते थे ऐसे लोगो ने सावित्रीबाई फुले को बहुत अपमानित किया लेकिन अपमान सहन करते हुए उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए कई स्कूल खोलें 1873 में उन्होंने ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर सत्यशोधक समाज की स्थापना कर जाति आधारित भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। महाराष्ट्र में फ्लैग की बीमारी फैलने से कई लोग प्रभावित हुए जिनकी सेवा करते हुए सावित्रीबाई फुले को भी फ्लेग हो गया जिससे 10 मार्च 1897 को उनकी मृत्यु हो गई।

मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहा कि मैं तो सावित्रीबाई फुले ने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों को निर्वासित महिलाओं के लिए 1863 में एक देखभाल केंद्र बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह का समर्थन कर विधवाओं के सिर कुंडवाने के कृति का विरोध किया। इस दौरान महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष केलाश वर्मा, रामचंद्र पुष्पद (चंदू) पार्षद प्रतिनिधि सुनील बागवान फूल माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद कमल राठौर माखन पुष्पद राजेश पुष्पद पवन पुष्पद मऊ देवकरण पुष्पद (बब्बल) सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

# समिति प्रबंधकों ने मांगों को लेकर बैंक शाखा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** सहकारी समिति प्रबंधकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक आरके पांडे को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में आयुक्त सहकारिता एवं मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक के आदेश अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ में 60 प्रतिशत समिति प्रबंधक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होनी थी, परंतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ द्वारा आज तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं की न ही विक्रेताओं का 3 हजार की राशि प्रतिमाह दी जानी थी जो आज तक भुगतान नहीं की गई। एक अक्टूबर 2023 से भुगतान किया जाना था जो आज दिनांक तक नहीं किया गया। सहायक प्रबंधक के 10 प्रतिशत के पदोन्नाति की सूची तत्काल जारी की जाये।समिति कर्मचारी को 3 लाख अनुदान राशि के रूप में वेतन का भुगतान कराया जाए। विकेताओं की 3 हजार के हिसाब से 16 माह का भुगतान करवाया जाए। समिति प्रबंधक कुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि अगर हमारी तीन सूत्रीय मांगो का निराकरण नही किया गया तो समिति के कर्ममारीयो को विवश होकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना पड़ेगा जिससे जिले की समस्त समिति बंद रहेगी। पीडीएस दुकान खरीदी केंद्र वसूली किसान पंजीयन जैसी महत्वपूर्ण योजना ई पेक्स कार्य आदि प्रभावित होंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी अगर मांगे नहीं मानी गई तो समस्त समिति प्रबंधक मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान कैलाश राजपूत धनोरा राम प्रसाद पाटीदार पाडल्या माताजी मोहन नागर भाटखेड़ी बद्रीलाल पाल दुग्या कुमेर सिंह सोलंकी गोपालपुरा गजराज सिंह बलोडी कालूराम गोस्वामी हराना सहित अन्य समिति प्रबंधक मौजूद थे।

---

सीएसआर फंड से दो नई मशीनें मिली

# किडनी मरीजों को सुविधा: जिला अस्पताल में 6 से बढ़कर 8 हुईं डायलिसिस मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के संयुक्त प्रयासों से जिला अस्पताल को 2 नई डायलिसिस मशीनें मिली हैं। सीएसआर फंड से प्राप्त इन मशीनों को इन्स्टॉल करवा दिया गया है। इन दो मशीनों को जोड़कर अब जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो चुकी है।

किडनी से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को काफी हद तक सहुलियत हो जाएगी। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पहले से छह डायलिसिस मशीनों का संचालन हो रहा था लेकिन किडनी मरीजों की बढती संख्या के चलते 6 मशीनें नाकाफी हो रही थीं। ऐसे में कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड रहा था वहीं उन्हें आर्थिक रूप से भी परेशानियां उठानी पड़ रही थीं, लेकिन अब दो और मशीनों की सौगात मिलने पर मरीजों को इसका खासा लाभ मिलेगा।

### लगातार बढ़ रही है किडनी मरीजों की संख्या

जिले में किडनी के मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है। ऐसे में डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि कई ऐसे मरीज है जिन्हें सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस कराना पडता है। ऐसे में उनका इलाज और भी सुगम हो जाएगा। मरीजों के परिजनों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधाओं के बढ़ने से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी।

---

शहर के बड़े नालों से हटाया कचरा

# सीएमओ के निर्देश पर चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर में लंबे समय से नालों के चोक होने और ट्रेंचिंग ग्राउंड से हाइवे तक कचरा फैलने की समस्या से परेशान लोगों को मंगलवार को राहत मिली।

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे के निर्देश पर नगर पालिका अमले ने विशेष सफाई अभियान चलाकर एक ही दिन में शहर के कई प्रमुख नालों की सफाई कर दी। साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड से हाइवे तक फैले कचरे को भी हटाकर पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित किया गया। नगर पालिका की टीम ने सबसे पहले शहर के प्रमुख नालों पर फोकस किया। दशहरा मैदान नाला, मोती मस्जिद नाला, हाट मंडई नाला और वजीर हुसैन मोहल्ले के नालों में लंबे समय से जमा गाद और कचरे को जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से बाहर निकाला गया। नालों के चोक होने से पानी की निकासी बाधित हो रही थी और आसपास के क्षेत्रों में गंदगी व बदबू की समस्या बनी हुई थी।इसके बाद सीएमओ दीपक रानवे ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे, जहां तेज हवाओं के कारण कचरा उड़कर हाइवे तक फैल गया था।

नगर पालिका ने दो जेसीबी मशीनों और वाहनों की मदद से पूरे क्षेत्र की सफाई करवाई और कचरे को व्यवस्थित तरीके से ट्रेंचिंग ग्राउंड में डलवाया। सीएमओ रानवे ने बताया कि शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। बड़े नालों की पुलियाओं की सफाई से अब शहर की निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और अंदरूनी हिस्सों में गंदगी की समस्या कम होने की उम्मीद है। नगर पालिका आगे भी ऐसे अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम करती रहेगी।

---

**112वें सालाना उर्स की शुरुआत, कलेक्टर-एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश**

# उर्स: झूलों की रेस्ट लिस्ट लगाएं, न हो बालश्रम

### बाल कल्याण समिति ने भी उर्स कमेटी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गुसल शरीफ की रस्म के साथ स्थानीय बाबा बदख्शानी की दरगाह पर मंगलवार से 112वें सालाना उर्स की विधिवत शुरूआत हो गई। उर्स में आने वाले हजारों जायरीनों, नागरिकों की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्ष अमित तोलानी, एसडीएम निधि भारद्वाज ने मंगलवार को उर्स क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारीगणों ने उर्स कमेटी को कई आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कमेटी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक झूलों व मनोरंजन के साधनों पर अनिवार्यतः रेट लिस्ट लगवाई जाए कि किसका किराया कितना रहेगा। इसके साथ ही उर्स में पार्किंग सहित तमाम अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारीगणों ने कमेटी को तल्ख निर्देश दिए हैं। उधर, बाल कल्याण समिति ने भी बालकों के सर्वोत्तम हित को देखते हुए किशोर न्याय अधिनियम के तहत उर्स मेले और दरगाह परिसर में बालश्रम प्रकरण और बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु वक्फ बोर्ड भोपाल द्वारा तय उर्स प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष को पत्र जारी किया है।



### 25 मार्च तक चलेगा उर्स

दरगाह कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि कल 10 मार्च से शुरू हुआ सालाना उर्स 25 मार्च तक चलेगा। आज बुधवार को रोजा अफ्तार, लंगर, मोला अली फातेहा होगा। इसके साथ ही आगामी दिनों में लंगर सहरी, लंगर, चादर शरीफ, मेहफिल-ए-समा, रंग की महफिल, कुल फातिहा, लंगर सहरी, मिलाद शरीफ, मेहफिल-ए-समां, गुस्ल शरीफ, इख्तेतामी फातिहा उपरान्त 25 मार्च को उर्स का समापन होगा।

### प्रवेश, निकास द्वारों पर लगाएं सीसीटीवी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मेले के प्रवेश और निकास द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए ताकि आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सके। साथ ही निर्देशित किया कि मेले में लगाए जाने वाले विभिन्न स्टॉलों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए। साथ ही झूलों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए गए।

### बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि समिति ने उर्स कमेटी को निर्देशित किया है कि मेले में बाल श्रम रोकने हेतु माइक पर जागरुकता संदेश और लगातार निरीक्षण किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक दुकान और जोखिम वाले मनोरंजन के झूलो पर 'हमारे यहां बालश्रम नहीं कराया जाता' वाले स्टीकर अनिवार्यरूप से लगाए जाए। साथ पूरे दरगाह परिसर बालकों के हित को देखते हुए बाल भिक्षावृत्ति को सद्भावनापूर्वक रोका। यदि जिला प्रशासन, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन सहित संबंधित टास्क फोर्स को बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति के प्रकरण संज्ञान में आए तो उर्स प्रबंधन समिति पर भी कानून संवत कार्यवाही होगी।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज ने निर्विरोध चुना अध्यक्ष, विधायक ने किया स्वागत सम्मान



आष्टा। सिविल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के सदस्य नगर के समाजसेवी एवं दानदाता राजकुमार साहू के लक्ष्मी दाल मिल परिसर में साहू समाज की बैठक मे साहू समाज के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार मंगलीलाल साहू के सर्वसम्मति से साहू समाज का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधायक कार्यालय पर राजकुमार साहू का स्वागत सम्मान कर उनेह मिली नई जिम्मेदारी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इसमें मंडी के व्यापारी गण एवं साहू समाज के सभी सदस्य उपस्तिथ रहे। वहीं इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नये अध्यक्ष एवं समाज के सभी सदस्यो को कहा की समाज को जब भी आपके इस सेवक की जहाँ कही भी जरूरत हो आप आवाज देना में आपके बीच उपस्थित रहूंगा।

### वन विभाग का एक्शन, दो मासूम बच्चों की हत्या करने वालों के घर पर चलाया जेसीबी का पंजा

# आरोपी का वन भूमि से हटाया अतिक्रमणः विधायक भी बोले अपराधी कोई भी हो किसी भी हाल में उसे बक्शा नहीं जाएगा

सिद्दीकगंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम धरमपुरी में पुरानी रंजिश के बड़े पिताजी व अन्य सदस्यों ने लाठी से पीट-पीट कर दो बच्चों की जघन्य हत्या कर दी थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सिद्दीकगंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम धरमपुरी में परीक्षा देने जा रहे छात्र कुलदीप एवं उसकी बहन शीतल की पुरानी रंजिश के चलते उसके बड़े पिताजी व अन्य सदस्यो ने लाठी से पीट पीट कर जघन्य हत्या कर दी थी । इस दौरान पीड़ित परिवार अपने पुत्र पुत्रियों के हत्याओं के घरो पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे वहीं इसको लेकर लोगों ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर बुधवार को भोपाल नाके पर विरोध प्रदर्शन भी किया। नतीजान बुधवार को आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की बढ़ी कार्यवाही भी देखने को मिल गई। वही स्थानीय विधायक गोपाल इंजिनियर भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए थे और पीड़ति परिवार से मिलने पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से मृतक बच्चों के दादा,पिता और मामा ने मांग की थी की आरोपी के मकान पर बुलडोजर चले,वन भूमि पर उसने जो अतिक्रमण किया हुआ है वो हटे एवं सिद्दीकगंज टीआई को हटाया जाये। पीड़ितों की मांग पर साथ उपस्तिथ एसडीएम एवं रेंजर को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भी कार्यवाही के निर्देश दिये । लिहाजा रेंजर नवनीत झा ने भी एक्शन में आते हुए ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू की और वन भूमि के अवैध कब्जे को हटाया। बच्चों की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी के घर पर आज बुलडोजर चला और उसके घर को तोड़ा गया वही आरोपी ने जो वन भूमि पर अतिक्रमण किया था उसे भी मुक्त करा कर जमीन से अतिक्रमण हटा दिया गया ।



### वन भूमि से हटाया अवैध अतिक्रमण

बीते दिनों सिद्धीगंज थाना अंतर्गत ग्राम धरमपूरी के मासूम बच्चों की हत्या के मामले स्थानीय प्रशासन पर आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की जा रही है ऐसे में मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वन विभाग भी एक्शन में आया और रेंजर नवनीत झा के नेतृत्व में आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया गया। रेंजर नवनीत झा ने जानकारी देते हुए बताया की वन मण्डलधिकारी अर्चना पटेल के निर्देशन एवं उपवनमंडल अधिकारी सीहोर राजेश शर्मा के मार्गदर्शन मे आष्टा रेंजर नवनीत झा एवं उनके समस्त वन अमले द्वारा ग्राम धर्मपुरी के 2 बच्चों की जघन्य हत्या के आरोपी हरिसिंह मालवीय के वन भूमि पर बने अवैध भवन निर्माण एवं वन भूमि पर अवैध 3.67 हेक्टयर भूमि से अतिक्रमण को हटाया गया।उक्त कार्यवाही मे परिक्षेत्र सहायक सिद्धिगंज एवं परिक्षेत्र रोलागांव का सहित स्टॉफ मौके पर उपस्थित रहा। इस दौरान घटना की संवेदनशीलता देखते हुए सिद्धिगंज का पुलिस बल भी पूरी कार्यवाही के दौरान मौजूद रहा। उक्त कार्यवाही मे वन विभाग अमले के शैलेश सिंह रोलागांव, कुमेर सिंह ,वनरक्षक हुकुम परमार, राहुल परमार, जितेंद्र ठाकुर, हरिओम ,दीपेश राठौर, बहादुर सिंह ,राजेश की अहम भूमिका रही।


### थाना प्रभारी को हटाने लिखा पत्र

इधर विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया कि पीड़ति द्वारा सिद्दीकगंज टीआई को हटाने हेतु विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने एसपी सीहोर को पत्र लिखा गया है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आरोपी या अपराधी कोई भी हो किसी भी कीमत पर बक्सा नही जायेगा,उसे परिणाम तो भुगतना ही होंगे । स्मरण रहे घटना के बाद सोमवार को आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर दुखी परिवार के बीच शोक संवेदना व्यक्त करने ग्राम धरमपुरी पहुचे थे उनके साथ एसडीएम नितिन टाले, रेंजर नवनीत झा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे तब मृतक बच्चों के दादाजी,पिता जी मामाजी को दुख की इस विकट घड़ी में सांत्वना देते हुए ढाढस बंधाया। शोकाकुल पीड़ति परिवार के जगदीश मालवीय, मुकेश मालवीय ने पूरी घटना व घटना के कारणों से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को अवगत कराते हुए मांग की थी की आरोपी को फांसी हो,उसका मकान तोड़ा जाये एवं सिद्दीकगंज टीआई को हटाया जाये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उसी दौरान पीड़ति पक्ष को भरोसा दिया था कि प्रशासन,पुलिस ठोस कार्यवाही करेगी,आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके निर्देश दिये है। दुखी परिवार के बीच पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पीड़ति परिवार को दिये आश्वासन पर आज धरमपुरी में बुलडोजर की आवाज गूंजी ओर आरोपी के मकान को गिरा दिया गया वही आरोपी ने जिस वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया था आज उक्त जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। इस दौरान सिद्दीकगंज थाने का पुलिस बल भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।

## दिल्ली में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में भाग लेने नपाध्यक्ष ने किया नगर की महिलाओं को रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन की अमृत मित्र महोत्सव योजना के तहत स्थानीय नगरपालिका की स्वसहायता समूह की महिलाओं को भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने स्वागत कर एवं शुभकामनाएं देकर रवाना किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि अमृत मित्र महोत्सव योजना के तहत आपको दी जाने वाली जानकारियों को गंभीरतापूर्वक समझे और उसके अनुरूप ही अपने स्वसहायता समूह की सदस्याओं को लाभान्वित करें। श्री मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत मित्र महोत्सव योजना के तहत पूरे प्रदेश से 242 महिला अमृत मित्र दिल्ली के लिए वंदे भारत ट्रेन से आज रवाना होंगी जो दो दिवस का दौरा पूर्ण कर पुनः शताब्दी एक्सप्रेस से 14 मार्च को नगर में पहुंचेगी। इस पहल का सबसे बड़ा उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को अमृत मित्र के रूप में जल प्रबंधन के कार्यों से जोड़ना है। इससे महिलाओं को समाज में जल प्रबंधन की प्रमुखकर्ता के रूप में पहचान मिल सकें। सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए महिलाओं को इन कार्यों से जोड़कर उनके लिए आय के नए स्रोत पैदा करना और उनके जीवन स्तर में सुधार करना इस महोत्सव और पहल का एक प्रमुख लक्ष्य है। इस अवसर पर सिटी मिशन मैनेजर महेन्द्र पोसवाल, सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, पूरण मेवाड़ा, मनीष किल्लौदिया आदि मौजूद थे।




## गैस किल्लत जनता को दे रही महंगाई का घाव, आपदा में उज्जवला के लिए करना होगा उपभोक्ता को हफ्तों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी और महंगाई को लेकर कांग्रेस ने कड़ा प्रहार किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने गैस सिलेंडरों के बढ़ते दामों और बाजार में गैस की किल्लत को लेकर सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आम जनता की मजबूरियों और आपदा में अपने लिए अवसर ढूंढने का काम कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने बड़े बड़े वादे किए थे कि उज्ज्वला और लाड़ली बहनों को साढ़े चार सौ रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। लेकिन सत्ता में आते ही सरकार अपने वादे भूल गई है। अब न केवल रसोई गैस के दामों में भारी वृद्धि कर दी गई है, बल्कि कमर्शियल और घरेलू गैस की सुचारू सप्लाई को भी ठप्प कर दिया गया है। गुजराती ने कहा कि महंगाई की मार से जनता पहले ही परेशान है और ऊपर से अब गैस के लिए उन्हें हफ्तों इंतजार करना पड़ेगा।



### जनता में मचेगा त्राहि-त्राहि का आलम

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिस तरह से कमर्शियल सप्लाई रोकी गई है और घरेलू गैस की बुकिंग में देरी हो रही है, उससे आने वाले दिनों में आम जनता के बीच त्राहि-त्राहि मच जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर कृत्रिम संकट पैदा कर रही है ताकि जनता परेशान हो और भाजपा फिर से आपदा में अवसर तलाश सके। उन्होंने मांग की कि सरकार जनता को मूर्ख बनाना बंद करे और गैस की आपूर्ति वैसी ही सुनिश्चित करे जैसी पहले होती थी।

### कांग्रेस करेगी विरोध

श्री गुजराती ने कहा कि रसोई का बजट बिगड़ने से मध्यम और गरीब वर्ग पूरी तरह टूट चुका है। भाजपा सरकार की ये नीतियां पूरी तरह निंदनीय हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि गैस की कीमतों में कटौती नहीं की गई और आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और जनता के हक की लड़ाई सड़क पर उतरकर लड़ेगी।

## जैन मंदिर में दो दिवसीय आयोजन के साथ होगी माता वामा देवी की गोद भराई और बालक आदिकुमार का पालना झूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन शासन के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान का जन्म व तप कल्याणक महामहोत्सव दिगम्बर जैन समाज द्वारा दो दिवसिय आयोजन कर भव्यता के साथ मनाया जाएगा इस आशय की जानकारी देते हुए दिगम्बर जैन पंचायत समिति के श्री शरद जैन ने बताया कि प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभ देव भगवान का जन्म व तप कल्याणक महा महोत्सव नगर के समस्त जिनालयों में भहव्यता कर साथ मनाया जाएगा।

वहीं नगर के किला मन्दिर में विराजमान पूज्य मुनि श्री विश्वसुर्य सागर महाराज व मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत चैत्र कृष्ण नवमी 12 मार्च दिन गुरुवार को पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा प्रथम दिवस 11 मार्च दिन बुधवार को सायंकाल 7:30 बजे से किला मंदिर सभागार में माता वामा देवी के सोलह स्वप्न व माता की गोद भराई का भव्यातिभव्य आयोजन स्वस्ति बहु मण्डल द्वारा आयोजित होगा वही चैत्र कृष्ण नवमी 12 मार्च को प्रातः काल 6 बजे की शुभ बेला में परम्परा अनुसार भजन कीर्तन जयघोष के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी व नगर के समस्त जिनालयों में पहुच कर नवीन ध्वजा फहराई जायेगी ततपश्चात श्री किला मंदिर में विराजमान श्री आदिनाथ भगवान नदिया वाले बाबा के मस्तकाभिषेक व मंगलमय पूजन सम्पन्न होगी व बालक आदि कुमार की पालना झुलाई का आयोजन स्वस्ति बहु मण्डल द्वारा सम्पन्न होगा सायंकाल 7 बजे 48 दीपकों से श्री भक्ताम्बर महाकाव्य की आराधना की जाएगी।



समस्त आयोजन में समस्त साधर्मी जन माता बहनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर पुण्य अर्जन करने की विनती समाज के संरक्षक गण पवन जैन, मुकेश बड़जात्या, रमेश जैन आदिनाथ, धनरूपमल जैन, मंनोज जैन सुपर, अध्यक्ष आनंद जैन व महामन्त्री कैलाश जैन, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन शिक्षक आदि ने भगवान के जन्म तप कल्याणक पर होने वाले समस्त आयोजन को सफल बनाने की जन जन से विनय की है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुंदरम कॉलेज जावर में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की समस्त छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की ओर से छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों, उनके सम्मान तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर हेमा मंजीता पांचाल ने अपने प्रेरणादायक विचार रखते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा जीवन में शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सुंदरम कॉलेज मैं विद्यार्थियों के विजन,मिशन पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रा कुमकुम भरेवा द्वारा प्रभावशाली उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज की शिक्षित और जागरूक नारी ही समाज को नई दिशा दे सकती है तथा हर लड़की को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर मुकेश पांचाल ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती है।



उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के शिक्षक वीरेंद्र ठाकुर ,अतुल शर्मा, गोविन्द ठाकुर,नारायण पाटीदार,कल्पना सिसोदिया, शीतल भावसार, निकिता पाटीदार, लक्ष्मी विश्वकर्मा, मुस्कान पाटीदार सहित समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा कार्यक्रम ने सभी को महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया।

### जिला स्तरीय शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक संपन्न

# प्रतियोगिताएं सहयोग और सौहार्द बढ़ाने का माध्यमः अग्निहोत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि खेल गतिविधियाँ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी विकसित करती हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग और सौहार्द को बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं।प्रतियोगिता के अंतर्गत महिला एवं पुरुष वर्ग में शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस तथा लॉन टेनिस की प्रतियोगिताएँ हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ सम्पन्न कराई गईं। विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के उपरांत निम्नानुसार खिलाड़ियों का




चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया— शतरंज टीम – श्री हर्षद सिंह कुलेश, डॉ नितिन बाथम, डॉ पुष्पेंद्र परसेंडिया, डॉ श्याम कुमार, शासकीय पी जी कॉलेज सीहोरमहिला बैडमिंटन टीम डॉ नीतू परवाल, शासकीय महाविद्यालय जावर, डॉ पूजा कश्यप, डॉ अमिता बैरागी, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर।पुरुष बैडमिंटन टीम डॉ रामविकास प्रजापति, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर एवं डॉ विनयमणी त्रिपाठी, डॉ नितिन बाथम, डॉ पुष्पेंद्र परसेंडिया, शासकीय पी जी कॉलेज सीहोरलॉन टेनिस टीम – रवि विरहा, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोरमहिला टेबल टेनिस टीम डॉ नीतू परवाल, शासकीय महाविद्यालय जावर, पुरुष टेबल टेनिस टीम रवि विरहा, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोरउल्लेखनीय है कि चयनित खिलाड़ी 13 व 14 मार्च को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर पूरे उत्साह और दमखम के साथ अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा अपने खेल कौशल से जिले का नाम रोशन करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की और आशा व्यक्त की कि वे संभाग स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम के आयोजक व महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि खेल गतिविधियाँ शैक्षणिक वातावरण को ऊर्जावान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं।अंत में श्री रवि विरहा द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

फूलमाली सोशल उत्थान समिति जिला सीहोर द्वारा नगर में प्रथम महिला शिक्षिका, सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर फूलमाली महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष व भोपाल समाज अध्यक्ष हरिनारायण माली द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाजजनों के समक्ष सावित्रीबाई फुले के संघर्ष व नारी शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की बात कही। इस अवसर पर भोपाल सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष छगनलाल माली, राजमल माली, राजेंद्र राहुल, मनोहर माली, जगदीश माली तुमड़ा, बबलू माली, विशाल माली, सीहोर जिलाध्यक्ष कमल बागवान, फुल माली समाज युवा संगठन अध्यक्ष व सोशल उद्यान समिति के जिला उपाध्यक्ष मनोहर बागवान, जिला महामंत्री मुकेश बागवान, तहसील अध्यक्ष लाड़सिंह बागवान, डॉ केशर सिंह जी बागवान, शिव बागवान, कमल बागवान सहित समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष कमल बागवान ने किया। जिला महामंत्री मुकेश बागवान ने आभार व्यक्त किया।